सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 03 | इंदौर, मंगलवार 15 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल में लिखा- इमारत में लगाए गए IED और आरडीएक्स

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। बीएसई को कॉमरेड पिनाराई विजयन के नाम की आईडी से ई-मेल भेजा गया। इसमें लिखा गया कि इमारत में चार आईईडी और आरडीएक्स लगाए गए हैं। करीब तीन बजे इमारत में विस्फोट होगा। सूचना पर पहुंची पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज पहुंचकर जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मुंबई पुलिस ने बताया कि मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को एक ई-मेल भेजा गया। कॉमरेड पिनाराई विजयन नाम के एक आईडी से आए ई-मेल में दावा किया गया कि दोपहर तीन बजे विस्फोट करने के लिए इमारत में चार आरडीएक्स और आईईडी लगाए गए हैं। इसके बाद बम निरोधक दस्ते और पुलिस ने परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# एमपी हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बने संजीव सचदेवा

## जस्टिस विवेक कुमार सिंह की भी नियुक्ति, हाईकोर्ट में अब 34 हुई जजों की संख्या



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जस्टिस संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बनाए गए हैं। सोमवार को केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

जस्टिस संजीव सचदेवा को 24 मई 2025 को एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। वे तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के रिटायरमेंट के बाद से चीफ जस्टिस का दायित्व संभाल रहे हैं। इससे पहले भी वे 9 जुलाई 2024 से 24 सितंबर 2024 तक प्रदेश के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का दायित्व संभाल चुके हैं। 30 मई 2024 को जस्टिस संजीव सचदेवा का दिल्ली हाईकोर्ट से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर हुआ था। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश हाइकोर्ट को एक और जज दिया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की मध्यप्रदेश में नियुक्ति की गई है। वे अभी मद्रास हाईकोर्ट में हैं, जिनका ट्रांसफर जबलपुर किया गया है। अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 34 हो गई हैं।

## ◆ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने

# सफलता का पूरा श्रेय शहर की जनता को दिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश की सबसे स्वच्छ सिटी होने का गौरव रखने वाला इंदौर लगातार आठवी बार ये सम्मान लेने जा रहा है, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के 8 शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की अलग अलग श्रेणियों में नई दिल्ली में 17 जुलाई को राष्ट्रीय सम्मान दिए जाएंगे, इसमें इंदौर ने एक बार फिर देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का सिलसिला जारी रखा है, इस सम्मान पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ख़ुशी जताई है और उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।**

मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री इंदौर विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर की इस सफलता का पूरा श्रेय शहर की जनता को दिया है, उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि ये जनता का ही प्रयास है अपने शहर के प्रति लगाव है कि उनका शहर गन्दा नहीं होना चाहिए इसलिए इंदौर लगातार आठवी बार देश का सबसे साफ़ शहर बना है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस श्रेय के हक़दार नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी और महापौर भी है जिस तरह से इन लोगों ने कचरा कलेक्शन से लेकर उसके निस्तारण की व्यवस्था की है वो शानदार है, उसे देखने देश की अलग अलग नगर निगमों के अधिकारी आते हैं लेकिन उसका अनुसरण अपने शहर में नहीं कर पाते। कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के साफ रहने की एक और वजह बताते हुए कहा कि हमारा शहर इसलिए भी साफ़ रहता है कि क्योंकि ये जनभागीदारी का सरताज है, इंदौर के लोग अपने शहर से बहुत प्यार करते हैं, यदि ऐसा प्यार दूसरे शहर के लोग भी अपने शहर से करने लगे तो वो साफ़ रहेगा और हमारा कम्पटीशन बढ़ेगा। हरदा में पुलिस और करणी सेना के लोगों के बीच हुए विवाद के सवाल पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा मुझे इस घटना की पूरी जानकारी नहीं है करणी सेवा के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया है, मुझे लगता है बातचीत और चर्चा करनी चाहिए, कहीं ना कहीं कम्युनिकेशन गेप रहा है।

## एमएसएमई को बढ़ावा देने को लेकर भी होगी चर्चा

# सीएम डॉ. यादव आज भारत मार्ट का करेंगे दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने दुबई दौरे के तीसरे और अंतिम दिन गुरुवार को भारत मार्ट का दौरा करेंगे। यह मार्ट भारतीय एमएसएमई उत्पादों के वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख मंच है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार नेटवर्क से जोड़ने की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। मुख्यमंत्री यादव इस दौरान भारतीय लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों (एमएसएमई) को वैश्विक मंच दिलाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।



डॉ. यादव की दुबई यात्रा के दौरान प्रमुख लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों से भी उनकी मुलाकात प्रस्तावित है। इस बैठक में मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने और निवेश आकर्षित करने को लेकर संवाद होगा। माना जा रहा है कि सरकार की योजना प्रदेश में औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसरों को सृजित करने की दिशा में तेजी से काम करने की है।

मुख्यमंत्री दुबई दौरा संपन्न करने के पश्चात अब स्पेन की ओर प्रस्थान करेंगे। उनका यह दौरा 16 जुलाई से 19 जुलाई तक चलेगा, जिसके दौरान वे स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस यात्रा के दौरान डॉ. यादव वैश्विक निवेशकों के साथ मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे। यह दौरा 'ग्लोबल डायलॉग 2025' पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य में औद्योगिक विकास को गति देना और प्रदेश को वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री की यह विदेश यात्रा प्रदेश में विदेशी निवेश को आमंत्रित करने, उच्च तकनीकियों को अपनाने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है।

# सावन में कावड़ यात्राओं से ट्रक रूट जाम, 130 किमी घूमकर जाएंगे वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सावन माह में कावड़ यात्राओं की भीड़ और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए इंदौर के बाद अब खंडवा जिला प्रशासन ने भी बड़ा फैसला लिया है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के तहत इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश जनसुरक्षा, शांति और सुव्यवस्था को बनाए रखने के लिए लिया गया है, क्योंकि इस मार्ग पर यातायात अत्यधिक व्यस्त रहने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।**



खंडवा जिले में अब बुरहानपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन देशग्राम होते हुए एबी रोड तक पहुंच सकेंगे। वहीं, इंदौर से चलने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर से डायवर्ट होकर मानपुर, खरगोन होते हुए देशगांव के रास्ते आगे बुरहानपुर जाएंगे। पहले जहां वाहन सनावद होकर खंडवा पहुंचते थे, अब उन्हें देशगांव तक घूमकर जाना होगा, जिससे दूरी और खर्च दोनों में बढ़ोतरी होगी।इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.एल. मुकाती ने बताया कि इस प्रतिबंध से इंदौर से खंडवा के बीच रोज चलने वाले करीब 3500 ट्रकों पर असर पड़ेगा। पहले जहां दूरी 150 किमी थी, अब यह 280 किमी तक हो जाएगी। इससे ट्रकों को आने-जाने में 8 हजार रुपये का अतिरिक्त डीजल और 2 हजार रुपये का अतिरिक्त टोल देना होगा। इससे यात्रा समय और लागत दोनों बढ़ जाएंगे। वहीं, इंदौर-खंडवा मार्ग के ग्रामीण क्षेत्रों तक सामान पहुंचने में भी देरी होगी, जिससे स्थानीय व्यापारी परेशान होंगे। प्रशासन ने इस आदेश में कुछ आवश्यक सेवा वाहनों को छूट दी है। इनमें दूध वाहन, दवा वाहन, अग्निशमन वाहन, विद्युत विभाग के कार्य हेतु प्रयुक्त वाहन, एलपीजी व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों के 20 हजार किलोलीटर क्षमता तक के टैंकर और यात्री बसें शामिल हैं। इन वाहनों को प्रतिबंध से बाहर रखा गया है ताकि आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति बाधित न हो। बाकी सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से ही गुजरना होगा।

### हाईकोर्ट का फैसला

## दोबारा नहीं होगी परीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परीक्षा केंद्रों की बिजली गुल होने के कारण ठीक से परीक्षा नहीं दे पाए नीट के विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा कराने के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि दोबारा परीक्षा नहीं होगी। कोर्ट ने 75 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित करने को कहा है। उधर परीक्षा कराने वाली एजेंसी को भी हिदायत दी कि सेंटरों पर पर्याप्त इंतजाम रखे जाए। इस मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी कर ली थी, लेकिन फैसला सुरक्षित रखा था। अब इस मामले में प्रभावित छात्र सुप्रीम कोर्ट की शरण लेंगे।**

कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह बिजली गुल होने के हालात निर्मित होने पर अनिवार्य रुप से दूसरे इंतजाम भी रखे। इस केस में सुनवाई के दौरान प्रभावित अभ्यार्थियों की तरफ से यह पक्ष रखा गया था कि दोबारा परीक्षा नहीं होती है तो छात्रों का भविष्य खराब हो जाएगा। इंदौर- उज्जैन संभाग के 75 स्टूडेंट खराब मौसम के कारण गुल हुई बिजली से प्रभावित हुए। वे ठीक से पर्चा नहीं दे पाए थे। उधर नीट की तरफ से भी पक्ष रखा गया था कि परीक्षा सेंटरों पर पर्याप्त इंतजाम थे। अन्य अभ्यार्थियों ने भी सेंटर पर परीक्षा दी और उनके रिजल्ट भी घोषित हुए। नीट की तरफ से यह भी कहा गया कि इस मामले में एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने जांच की। विशेषज्ञों की राय के बाद फिर से परीक्षा का अनुरोध अस्वीकार किया गया था। 4 मई को इंदौर और उज्जैन संभाग में तेज हवा के साथ बारिश हुई। तब घंटों तक शहर के कई हिस्सों की बिजली गुल हो गई थी। उस दिन नीट की परीक्षा भी थी। बिजली गुल होने से कुछ सेंटरों के परीक्षा हॉल में अंधेरा हो गया। इससे अभ्यार्थियों को पेपर देने में समस्या आई। सेंटरों पर हुई अव्यवस्था के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी और कहा था कि प्रभावित 75 छात्रों की फिर से परीक्षा कराई जाए। इसे लेकर लगी याचिका में हाईकोर्ट ने दोनो पक्षों को सुन लिया था। गुरुवार को दो घंटे तक मामले की सुनवाई चली थी। कोर्ट ने फैसला सोमवार को सुनाया।

### सांवेर विधानसभा क्षेत्र में स्थित इंदौर शहर के

## 5 वार्डों में 100 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी 8 पेयजल टंकियां : मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सांवेर विधानसभा क्षेत्र में स्थित इंदौर शहर के 5 वार्डों में 100 करोड रुपये की लागत से 8 पेयजल टंकियां बनायी जायेगी। यह जानकारी जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि पेयजल व्यवस्था के लिए अमृत 02 योजना से वार्ड क्रमांक 18, 19, 35, 36 एवं 76 में पेयजल की टंकियों का निर्माण किया जायेगा।**



बैठक में इंदौर नगर निगम की पेयजल समिति के अध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा 'बबलू' एवं कार्यपालन यंत्री श्री संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सांवेर के 5 वार्डों में अमृत 02 योजना से लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 8 पेयजल टंकियां का निर्माण होगा। यह टंकियां रेवती, कुमेडी, शक्करखेडी, मायाखेडी, अरण्डिया, तलावली चांदा क्षेत्र में बनेगी। जिसका निर्माण नगर निगम इन्दौर द्वारा होगा। कनाडिया और भंवरासला क्षेत्र में बनने वाली पेयजल टंकियों का निर्माण इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा। पूरे क्षेत्र में पाईप लाईन के माध्यम से प्रत्येक घर को पेयजल सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में अमृत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। आगामी माहों में इन टंकियों का शिलान्यास किया जायेगा। इन टंकियों का निर्माण हो जाने से लाखों लोगों को पेयजल सुविधा प्राप्त होगी।

## नगर निगम में मुकेश यादव का सेवा संकल्प के साथ जन्मदिन मना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** यादव अहीर समाज परिचय सम्मेलन समिति के संयोजक, नगर निगम कर्मचारी नेता एवं स्वास्थ्य विभाग के जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन कार्यालय के अधीक्षक मुकेश यादव ने जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं विभाग के प्रभारी वीरेंद्र उपाध्याय, स्थापना शाखा अधीक्षक स्वाति शर्मा, संगीता सेंगर, अजय क्रोशिया, छोटू चाँवरे, गजेंद्र नगर, राजेश यादव, इंदौर सफाई कर्मचारी कल्याण संघ अध्यक्ष देव बिरगदे, विशाल कप्तान, अंकित करोसिया, सोनम, पीतांबर यादव आदि ने बधाई दी। वही नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री यादव के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## क्षय पीड़ित सहायक संघ में एचएल जैन अध्यक्ष, सचिव जयप्रकाश माहेश्वरी बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में विगत 75 वर्षों से टीबी के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था क्षय पीड़ित सहायक संघ इन्दौर जिसकी स्थापना स्व. पद्मश्री नंदलाल बोरदिया द्वारा सन् 1950 में टीबी मरीजों की सहायता हेतु की गई थी। क्षय पीड़ित सहायक संघ की कार्यकारिणी सभा क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल कंपाउण्ड एमओजी लाइन पर 5 जुलाई को संपन्न हुई। सभा में वर्ष 2025-26 हेतु पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष एच.एल.जैन, उपाध्यक्ष नरेन्द्र भटेवरा, आशीष शुक्ला,



एचएलजैन, अध्यक्ष

सचिव जयप्रकाश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद जैन, सहसचिव अनिल भोजे, सदस्य डॉ. अतुल खराटे, डॉ. शैलेन्द्र जैन, शरद डोसी, अंकित चौधरी, डॉ. विजय छजलानी, अशोक कोठारी, नंदकिशोर शर्मा आदि। इसके अतिरिक्त 11 सदस्यीय सलाहकार समिति में डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. सलिल भार्गव, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. निलेश नागर, डॉ. नितिन वर्मा, मनीष सुराणा, आकाश शर्मा, अनिल अहिरवार, रामूसिंह रावत, शैलेन्द्र पवैया, कमलसिंह गेहलोत का निर्वाचन संघ के पदाधिकारियों की सहमति से किया गया जो कि क्षय पीड़ित सहायक संघ को अपना सहयोग प्रदान करेगी। सभा में संघ की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। क्षय पीड़ित सहायक संघ की स्थापना लगभग 75 वर्ष पूर्व पद्मश्री डॉ. नंदलाल बोरदिया द्वारा गरीब असहाय टीबी मरीजों के सहायतार्थ कार्य करने हेतु की गई थी। संस्था द्वारा किसी भी प्रकार की शासकीय सहायता नहीं ली जाती है। संस्था अपने समस्त कार्य दानदाताओं द्वारा दी गई राशि से संचालित करती है। जिसके अंतर्गत संस्था द्वारा गरीब असहाय टीबी मरीजों को उपचार, दवाइयां केन्द्र से लेने आने हेतु यात्रा किराया, भोजन, एक्सरे व अन्य महंगी जांचों का खर्च आदि किये जाते है। संस्था द्वारा समय-समय पर नि:शुल्क जांच उपचार एवं जन जागरूकता शिविरों का आयोजन भी किया जाता है ।

# हैकाथॉन में आईटी, एआई क्षेत्र के विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता और तकनीकी विद्यार्थियों कर सकते है भागीदारी

## प्रतियोगिता में विजेताओं को मिलेंगे लाखों रुपये के पुरस्कार, आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने एक और स्मार्ट पहल की है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड (ISCDL) द्वारा आयोजित "इंदौर स्मार्ट सिटी हैकाथॉन 2025" का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन इंदौर को "नवाचार हब" बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देगा और प्रशासनिक तंत्र को और अधिक स्मार्ट एवं उत्तरदायी बनाएगा। इस नवाचार-आधारित प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरती तकनीकों के माध्यम से शहरी सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाना है। इस राष्ट्रस्तरीय हैकाथॉन में देशभर से छात्रों, स्टार्टअप्स, तकनीकी विशेषज्ञों और डेवलपर्स को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को तीन प्रमुख शहरी चुनौतियां - जनसुनवाई शिकायत निवारण, भूमि अतिक्रमण की निगरानी और साइबर क्राइम जांच पर व्यावहारिक तकनीकी समाधान प्रस्तुत करेंगे। हैकाथॉन-2025 में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 20 जुलाई है।**

हैकाथॉन-2025 के तहत जनसुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली में AI आधारित शिकायत वर्गीकरण, SLA ट्रैकिंग, विभागीय डैशबोर्ड, बहुभाषी संवाद और फीडबैक एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी व दक्ष बनाया जाएगा। भूमि अतिक्रमण निगरानी के लिए GIS मैपिंग, ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजरी, AI/ML आधारित परिवर्तन विश्लेषण, रियल




टाइम अलर्ट सिस्टम और भूमि अभिलेखों के एकीकरण जैसे समाधान विकसित किए जाएंगे। साइबर क्राइम जांच में एआई आधारित डिजिटल जांच प्लेटफॉर्म, VPN/Tor ट्रेसिंग टूल्स, रियल-टाइम कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम और नागरिकों के लिए रिपोर्टिंग व ट्रैकिंग ऐप्स जैसी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस हैकाथॉन में आईटी और एआई क्षेत्र के विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता और तकनीकी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय कामकाज में तकनीकी नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कार्यक्रम के माध्यम से अवैध निर्माण को रोकने, सतत निगरानी, जनसुनवाई प्रणाली को प्रभावी बनाने और साइबर फ्रॉड की रोकथाम जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव और समाधान आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर में शासन की कई योजनाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही हैं और इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार आवश्यक है। हैकाथॉन के माध्यम से स्मार्ट और सुरक्षित इंदौर की दिशा में प्रशासन ठोस पहल करेगा। यह हैकाथॉन न केवल तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जनहित सुनिश्चित करने की दिशा एक बड़ी पहल है।

प्रतियोगिता में चयनित विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 4 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी वेबसाइट http://indoretechhackathon.com पर पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड, नगर निगम कार्यालय इंदौर में संपर्क किया जा सकता है।

# इंदौर-उज्जैन विशेष ट्रेन चलाने की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सावन महीना शुरू होते ही इंदौर से उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सड़क मार्ग से लेकर ट्रेनों तक भीड़ देखी जा रही है। इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन निर्माण कार्य के कारण सड़क यात्रा कठिन हो गई है। इसे देखते हुए सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर सावन के दौरान इंदौर से उज्जैन के बीच विशेष ट्रेन चलाने की मांग की है।**



लालवानी ने बताया कि इंदौर के साथ-साथ देश के अन्य शहरों से भी श्रद्धालु इंदौर पहुंचकर उज्जैन जाते हैं। चूंकि सड़क मार्ग की स्थिति फिलहाल अच्छी नहीं है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन आवश्यक है। सांसद ने कहा कि वे इस संबंध में रतलाम रेल मंडल के अधिकारियों से भी बात करेंगे। नवंबर 2025 में प्रस्तावित बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान, मध्य प्रदेश ने इंदौर-दरभंगा के बीच सीधी सुपरफास्ट ट्रेन की दशकों पुरानी मांग दोबारा उठाई है। संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि इंदौर और दरभंगा के बीच नई ट्रेन चलाई जाए। उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों प्रवासी इंदौर में बसे हैं, जिनके लिए यह ट्रेन जरूरी है। यह प्रस्तावित ट्रेन मालवा और मिथिला के बीच सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक सेतु का भी कार्य करेगी। पूर्व में संस्थान इंदौर से भागलपुर और रांची के लिए भी ट्रेनों की मांग कर चुका है।

# नाबालिग की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया में रहने वाले 12 साल के राज सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। बुखार आने के बाद उसके पिता उसे एक बाबा के पास झाड़ा दिलवाने ले गए थे। झाड़ा देने के बाद बाबा ने राज को डॉक्टर के पास ले जाने को कहा था। दो अस्पतालों ने इलाज करने से इंकार कर दिया। एमवाय अस्पताल पहुंचे तब तक बच्चे की मौत हो गई थी। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि तेजकरण सूर्यवंशी बेटे राज को लेकर रविवार रात एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। यहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने राज को मृत घोषित कर दिया। तेजकरण ने बताया कि शनिवार को राज इलाके के दोस्तों के साथ तालाब घूमने गया था। इसके बाद उसे बुखार आया। हम बाबा से झाड़ा दिलवाने झालरिया ले गए। झाड़ा देने के बाद बाबा ने बुखार को लेकर डॉक्टर के पास ले जाने को कहा। परिवार राज को सांई कृपा अस्पताल ले गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल ले जाने को कह दिया। परिवार दूसरे अस्पताल ले गया, तो वहां से एमवाय ले जाने की सलाह दी गई। परिवार एमवाय लेकर पहुंचा, जहां कुछ देर बाद बच्चे की मौत हो गई। तेजकरण निजी इलेक्ट्रानिक कंपनी में काम करते हैं। राज उनका इकलौता बेटा था और छठी कक्षा में पढ़ता था। वे मूल रूप से सागर के रहने वाले हैं।

# मारुति वैन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, बहन घायल

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में सड़क हादसे में 17 साल के छात्र भविष्य यादव की मौत हो गई। वह बाइक से अपनी छोटी बहन भूमिका को बीपी चिल्ड्रन स्कूल छोड़ने जा रहा था। तभी मारुति वैन ने टक्कर मार दी और भविष्य पोल से टकरा गया। हादसे में उसकी बहन भी घायल हुई है, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह 11 बजे गायत्री माता मंदिर के पास घटी। भविष्य 13 साल की बहन को लेकर स्कूल जा रहा था। वह सड़क से निकल रहा था, तभी एक मारुति वैन रिवर्स हो रही थी। भविष्य वैन की चपेट में आ गया और लोहे के पोल से जा टकराया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। जबकि बहन भूमिका दूसरी तरफ गिरी। घटना के बाद वैन का ड्राइवर दोनों को भाटिया अस्पताल ले गया और वहां छोड़कर फरार हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान भविष्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भविष्य को टक्कर मारने वाली वैन और उसके ड्रायवर की तलाश की जा रही है। भविष्य के पिता किराने की दुकान चलाते हैं।

# 'समंदर में तैरने वाला कुंड में कैसे डूब सकता'

## मर्चेंट नेवी अफसर की मौत पर परिवार का सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लखनऊ के रहने वाले 23 साल के निखिल शुक्ला की मौत हो गई। निखिल मर्चेंट नेवी में कैडेट थे। उनके माता-पिता ने निखिल की मौत की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि निखिल की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। यह घटना 3 जुलाई को लोधिया कुंड में हुई। यह जगह सिमरोल पुलिस स्टेशन के इलाके में आती है।**

निखिल ने शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ तीन जहाजों पर काम किया था। उन्होंने मुंबई में सेकंड मेट का एग्जाम भी दिया था। निखिल के माता-पिता का कहना है कि वह बहुत तेज और अनुशासित थे। उन्हें तैरना भी बहुत अच्छे से आता था। इसलिए उनके डूबने की खबर सुनकर उन्हें बहुत हैरानी हुई। उन्हें इस पर शक है। निखिल के पिता मंजुल शुक्ला और माता सीमा शुक्ला चाहते हैं कि पुलिस इस मामले की गहराई से जांच करे। निखिल अपने दोस्त राकेश यादव के साथ इंदौर आया था। वे दोनों कॉलेज में साथ पढ़ते थे और एक ही कमरे में रहते थे। दिल्ली के लिए टिकट नहीं मिलने की वजह से वे इंदौर गए थे। 3 जुलाई को निखिल, राकेश और दो स्थानीय दोस्त, हर्ष राजपूत और गौरव, ओंकारेश्वर घूमने गए। लेकिन बाद में उन्होंने प्लान बदल दिया और लोधिया कुंड झरने पर चले गए। यह झरना सिमरोल के जंगल में है। उसी दिन शाम करीब 5:30 बजे, निखिल ने अपनी दोस्त साक्षी को कार से एक वीडियो भेजा। वीडियो में उन्होंने बताया कि वे झरने की ओर जा रहे हैं। वह लगातार अपने दोस्तों और परिवार के साथ फोटो और जानकारी शेयर कर रहे थे। रात करीब 7:25 बजे, उन्होंने साक्षी को बताया कि वे तैरने जा रहे हैं। इसके कुछ देर बाद, उन्होंने जवाब देना बंद कर दिया। साक्षी और अन्य लोगों ने रात 7:30 बजे से 9:30 बजे के बीच कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार, रात 11:26 बजे, राकेश ने साक्षी को बताया कि निखिल पानी के बहाव में चला गया और



अब नहीं रहा। राकेश ने कोई कारण नहीं बताया और न ही कोई सबूत दिया। उन्होंने निखिल के माता-पिता को भी सीधे तौर पर जानकारी नहीं दी। शुक्ला परिवार का यह भी आरोप है कि राकेश और उसके दोस्तों ने इमरजेंसी सेवाओं को बुलाने में देरी की। वे अगले दिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही वहां से चले गए। पुलिस के अनुसार, राकेश और उसके दोस्तों ने बताया कि निखिल शाम करीब 6 बजे डूब गया था। लेकिन परिवार का कहना है कि निखिल रात 7:25 बजे तक जीवित था और बात कर रहा था। इसलिए राकेश और उसके दोस्तों का समय गलत है। निखिल के शरीर पर चोट के निशान थे। उनके सिर पर घाव था, गर्दन में सूजन थी, माथे पर गहरे निशान थे, और हाथों और कंधों पर भी चोटें थीं। परिवार का कहना है कि ये चोटें डूबने से नहीं लग सकतीं। ये चोटें किसी मारपीट की वजह से लगी होंगी। निखिल के दोस्तों ने निखिल को अस्पताल ले जाने के लिए अपनी कार का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने एम्बुलेंस का इंतजार किया। परिवार को जानकारी देने और पुलिस को बुलाने में देरी हुई। राकेश और उसके दोस्तों के जवाब भी अलग-अलग थे। वे सवालों से बच रहे थे। राकेश और अन्य लोग परिवार से मिले बिना ही अस्पताल से चले गए। पुलिस के कहने पर वे अगले दिन वापस आए। बहन ने कहा है कि जो समंदर में तैर सकता है, वह कुंड में कैसे डूब सकता है। सिमरोल पुलिस स्टेशन के अमित कुमार भामोरे ने बताया कि यह डूबने का मामला है। लेकिन मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। दूसरी ओर, निखिल के माता-पिता चाहते हैं कि पुलिस इस मामले को संदिग्ध माने और पूरी जांच करे। उन्होंने कॉल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा की जांच करने की मांग की है। वे निखिल की चोटों की फॉरेंसिक जांच और पूरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी चाहते हैं। उन्होंने घटना के समय मौजूद सभी लोगों से पूछताछ करने और आसपास के इलाकों से CCTV फुटेज निकालने की भी मांग की है। वे चाहते हैं कि पुलिस गवाहों के बयान भी ले।

मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर दुबई के निवेशक उत्साहित...

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स के सह-संस्थापक एवं सह- सीईओ पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाटा समूह के कॉरपोरेट अफेयर्स एवं ग्रोथ (एमईएनए रीजन) प्रमुख अंकुर गुप्ता से भी मुलाकात की। चर्चा में आईटी, ऊर्जा, स्टील, ऑटोमोबाइल, एयरलाइंस, उपभोक्ता उत्पाद और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह को मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश केंद्र स्थापित करने हेतु आमंत्रित करते हुए राज्य की उद्योग-



अनुकूल नीतियों और त्वरित अनुमतियों की जानकारी दी।

गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम (जीएमबीएफ) के अध्यक्ष डॉ. सुनील मांजरेकर के साथ बैठक में जीएमबीएफ द्वारा मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों से सीधे संवाद के लिए मंच प्रदान करने सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जीएमबीएफ की ग्लोबल कनेक्ट कैपेबिलिटी के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बीडीओ एज के हेड ऑफ एडवायजरी शिवेंद्र झा ने भेंट कर भोपाल में 150-सीटर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर की स्थापना और इंदौर में प्रस्तावित दूसरा डिजिटल सेंटर की जानकारी साझा की। यह केंद्र डिजिटल व परामर्श सेवाओं में रोजगार सृजन करेगा। साथ ही अगले तीन वर्षों में 800-1000 उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन का लक्ष्य है। शराफ डीजी ग्रुप के चेयरमैन इब्राहिम शराफ के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 30-50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से रेल साइडिंग लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे राज्य में 300 से 600 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्सार अल घुरैर इन्वेस्टमेंट के प्रतिनिधि श्री योसेफ अल गुरैर से मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल शोधन इकाई और कोल्ड चेन वेयरहाउस परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। समूह ने राज्य के किसानों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई। कोनेरिस ग्रुप के सीईओ भरत भाटिया ने मध्यप्रदेश में यूएसडी 75 मिलियन लागत से स्टील प्लांट की स्थापना की योजना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी। कंपनी पहले से ही 26 देशों में स्टील उत्पाद भेजती है और भारत में अपनी उपस्थिति राज्य के माध्यम से बढ़ाना चाहती है। एतिसालात ग्रुप के सीईओ खालिद मुर्शिद से स्मार्ट सिटी, 5-जी नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ और डिजिटल स्किल डवलपमेंट के क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव रखें। कंपनी 16 से अधिक देशों में कार्यरत है और मध्यप्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में रुचि रखती है। ब्रावो फार्मास्युटिकल्स के निदेशक राकेश पांडेय ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश रुचि दिखाई, वहीं स्मार्ट स्टार्ट फंड के प्रशांत गुलाटी ने आईटी और वित्तीय सेवाओं से जुड़े स्टार्टअप्स को मध्यप्रदेश में प्रोत्साहित करने की बात कही। अनलाह वेंचर पार्टनर्स के हितेश धनकानी ने म्यूचुअल फंड, बीमा और इक्विटी सेवाओं में निवेश की योजना साझा की और स्पैन कम्युनिकेशन्स के सीईओ नरेश खेतरपाल ने राज्य में पर्यटन, नेचुरोपैथी रिसॉर्ट और क्रूज टूरिज्म को प्रोत्साहित करने हेतु 500 करोड़ रूपये निवेश के साथ 100-150 रोजगार सृजन की संभावना जताई। वहीं, ब्लूवर्स इंडिया के रुशांग शाह ने पर्यावरण-अनुकूल वाहन धुलाई तकनीक और जल संरक्षण आधारित समाधान लाने की योजना साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता, नीति समर्थन और त्वरित अनुमतियाँ प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीतियाँ, प्रशिक्षित कार्यबल, प्राकृतिक संसाधन और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं।

# स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** जिले में रविवार रात 11.30 बजे स्कॉर्पियो सड़क पर बैठी गाय को बचाने के प्रयास में खाई में उतरकर पेड़ से टकरा गई। काली तलाई इलाके में हुए हादसे में राजस्थान के रहने वाले बाप-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सभी लोग रविवार रात करीब आठ बजे अशोकनगर से राजस्थान के लिए रवाना हुए थे। करीब 11.30 बजे तेज बारिश के बीच काली तलाई रोड पर एक गाय बैठी हुई थी। ड्राइवर ने गाय को बचाने की कोशिश में तेजी से स्टीयरिंग घुमा दी, जिससे कंट्रोल हट गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क से नीचे उतरकर खाई में पेड़ से जा टकराई। मृतकों की पहचान कोटपूतली निवासी हरिराम यादव (60), विजेंद्र जाट (23), मुकेश यादव (28) के रूप में हुई है। तीनों पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं। चौथे मृतक की पहचान हाबा सिंह गुर्जर के रूप में हुई। मौके पर पहुंची देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि हादसा गाय को बचाने के प्रयास में हुआ है। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों सवारों की मौके पर ही जान चली गई। गाय की भी मौत हुई है।

## मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त राज्यपालों को दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रो. आशिम कुमार घोष को हरियाणा, पी. अशोक गजपति राजू को गोवा और कविंद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि निश्चित ही नवनियुक्त राज्यपाल और उपराज्यपाल के सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव का लाभ संबंधित राज्यों के विकास और लोक कल्याण को नई दिशा देने के लिए मिलेगा।

# भोपाल के पास उफनती नदी में फिर दौड़ीं गाड़ियां

## प्रतिबंध के बावजूद मड चैलेंज रैली का ट्रायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल से सटे रायसेन जिले में रविवार को मड चैलेंज रैली का ट्रायल किया गया, जो प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद आयोजित किया गया। इस दौरान राइडर्स ने उफनती नंदोरा नदी में अपनी कारें और जीप उतारकर बहाव के बीच से गाड़ियों को निकाला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, भोपाल और उसके आसपास के इलाकों में मड चैलेंज रैली की तैयारी करने वाले ड्राइवर्स ने रायसेन और सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रविवार को दर्जन भर से ज्यादा ट्रेंड ड्राइवर्स भारी बारिश से उफनाई नंदोरा नदी में उतरे और तीन से चार फीट गहरे पानी में गाड़ियों को दौड़ाया। इस दौरान कुछ वाहन नदी की धार में बंद भी हो



गए, जिन्हें रस्सियों और अन्य वाहनों की मदद से बाहर निकाला गया। ड्राइवर्स का कहना है कि मड चैलेंज रैली के लिए गाड़ियों को विशेष रूप से तैयार किया जाता है। इनमें हैवी व्हीकल पार्ट्स, सेफ्टी इक्यूपमेंट्स और सुरक्षा गियर शामिल किए जाते हैं ताकि आपात स्थिति में ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। हालांकि प्रशासन ने बीते वर्षों में इन आयोजनों को लेकर सख्ती दिखाई है। पर्यावरणीय क्षति और हादसों की आशंका को देखते हुए भोपाल जिला प्रशासन और पुलिस ने इस तरह के आयोजन पर प्रतिबंध लगा रखा है। कुछ साल पहले एक मड चैलेंज आयोजन के दौरान एक किशोर की मौत हो गई थी, जिसके बाद नियम और सख्त कर दिए गए थे। हाल ही में भोपाल के कोहेफिजा इलाके में सैफिया कॉलेज ग्राउंड में मड चैलेंज की तैयारी कर रहे युवकों को पुलिस ने हिदायत देकर हटाया था, बावजूद इसके लोग नियमों की अनदेखी कर जोखिम भरे ऐसे आयोजनों में जुटे हुए हैं।

## मंत्री द्वारा रोपे गए पौधे 3 माह में सूखे

### जनपद पंचायत बिजावर पर उठे सवाल

**बिजावर, एजेंसी।** सरकारी योजनाओं और आयोजनों में दिखावे और लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। जनपद पंचायत बिजावर द्वारा आयोजित एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम, जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भाग लिया था, तीन महीने के भीतर ही उजड़ गया। पौधों की न तो देखभाल की गई और न ही नियमित रूप से पानी दिया गया, जिससे अधिकांश पौधे सूख गए और शेष को आवारा मवेशियों ने नष्ट कर दिया। यह आयोजन 20 फरवरी 2025 को श्री जटाशंकर धाम में जल सहेली सम्मेलन के दौरान हुआ था, जब केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजावर-जटाशंकर मार्ग पर स्थित कोल्हूपुरा मैदान में पौधारोपण कर 'स्मृति वन' की शुरुआत की थी। यह कार्यक्रम उनके प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

# खुद को मरा साबित करने दोस्त को जिंदा जलाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** एक दंपती ने लोन चुकाने और दो करोड़ रुपए का बीमा क्लेम लेने के लिए एक युवक को कार में जिंदा जला दिया। आरोपी खुद को मरा साबित करने साढ़ू के घर जाकर छिप गया। पत्नी ने अधजले शव की पहचान पति के रूप में की। ससुर ने उसकी बात पर भरोसा करते हुए अंतिम संस्कार कर दिया। 7 दिन बाद उसे पता चला कि बेटा जिंदा है। आरोपी पति–पत्नी का नाम सुनील सिंह पटेल और पत्नी हेमा सिंह है। अब दोनों रीवा जेल में बंद हैं। दंपती ने हत्या का आइडिया यूट्यूब पर तलाशा। साजिश के मुताबिक सुनील की कद-काठी के विनोद चौहान से उन्होंने दोस्ती की। वारदात के लिए रसोई गैस सिलेंडर और बड़ी मात्रा में कपूर खरीदा। सुनील ने वारदात वाली 29-30 जून की रात विनय को इतनी शराब पिलाई कि बेहोश हो गया। उसे कार से उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के राजापुर थाना क्षेत्र में ले गया। कार में सिलेंडर का नोजल खोला, कपूर में आग लगाई और गेट बंद करके भाग गया। लेकिन किसी परिचित ने सुनील को जिंदा देख लिया और वारदात का खुलासा हो गया।

## श्रेणी-1 की स्वायत्तता प्राप्त होने पर दी बधाई

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को यूजीसी की श्रेणी-1 की स्वायत्तता प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस विशेष उपलब्धि के लिए उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि निश्चित ही यह उपलब्धि प्रदेश में विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण, नवाचारयुक्त शिक्षा पहुंचाने की हमारी संकल्पना को अधिक सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और समस्त विभागीय अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## संपादकीय

# ...तो आधा कर दिया जाएगा टोल टैक्स

सड़क परिवहन मंत्रालय ने नेशनल हाईवे (NH) पर टोल टैक्स को लेकर एक और नया नियम लाने का प्रस्ताव रखा है। इस नए नियम के अनुसार, अगर 10 मीटर चौड़ी दो लेन वाली सड़क को चार लेन में बदला जा रहा है, तो टोल टैक्स आधा कर दिया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जाएगा क्योंकि सड़क निर्माण के दौरान लोगों को पूरी सुविधा नहीं मिल पाती है। सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक अभी तक ऐसे रास्तों पर टोल टैक्स, नेशनल हाईवे के सामान्य टोल का 60% होता है। यह नियम तब भी लागू होता है जब सड़क का काम चल रहा हो, क्योंकि ये सड़कें बिना डिवाइडर वाली होती हैं। अगर सरकार इस प्रस्ताव को मान लेती है तो निर्माण के दौरान टोल टैक्स सिर्फ 30% ही लगेगा। इसके लिए वित्त मंत्रालय से मंजूरी लेनी होगी। अगर चार लेन की सड़क को छह लेन में बदला जा रहा है या छह लेन की सड़क को आठ लेन में बदला जा रहा है, तो टोल टैक्स सामान्य दर का 75% ही लिया जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सड़क निर्माण के दौरान लोगों को पूरी सुविधा नहीं मिल पाती है। कई बार तो इस बारे में कोर्ट में भी शिकायतें आई हैं। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वे अगले दो सालों में 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करके 25,000 किलोमीटर दो लेन वाली सड़कों को चार लेन में बदलेंगे। दो लेन वाली सड़कों पर टोल टैक्स कम करने का प्रस्ताव इसलिए भी जरूरी है। सरकार अगले दस सालों में दो लेन वाली सड़कों को बेहतर बनाने पर ध्यान देगी। क्योंकि देश में 1.46 लाख किलोमीटर नेशनल हाईवे में से लगभग 80,000 किलोमीटर सड़कें इसी कैटेगरी में आती हैं। लोगों को राहत देने के लिए सरकार ने पहले ही 3,000 रुपये का सालाना टोल पास शुरू किया है। इस पास से प्राइवेट गाड़ियां 200 टोल प्लाजा पर जा सकती हैं। हाल ही में, सरकार ने एक और नियम बनाया है। इसके अनुसार, पुल, सुरंग, फ्लाईओवर और हाईवे के ऊंचे हिस्सों पर टोल टैक्स 50% तक कम किया जा सकता है। इससे ट्रक और दूसरी भारी गाड़ियों को फायदा होगा।

**अर्ज किया है..!**

*तमन्ना है यही दिल की वहीं*
*चलिए वहीं चलिए*
*वो महफ़िल आह जिस महफ़िल*
*में दुनिया लुट गई अपनी*

-शेरी भोपाली

isha



**जो सबसे महत्वपूर्ण है वह आपके भीतर है।**

- जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# डॉक्टर ने बताया बिना दवाई आयरन बढ़ाने के 5 आसान तरीके, महिलाएं जरूर जानें




आयरन एक जरूरी मिनरल है जो हेल्थ और स्फूर्ति बनाए रखने के काम आता है। यह हीमोग्लोबिन बनाने के लिए जरूरी है। हीमोग्लोबिन रेड ब्लड सेल्स में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है जिससे पूरे शरीर को ऑक्सीजन मिलता है। शरीर में आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है, ये एक ऐसी स्थिति जो थकान, कमजोरी, चक्कर आना और कई दूसरी हेल्थ समस्याओं का कारण बन सकती है। खासतौर से महिलाएं इस समस्या से पीड़ित होती हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए भारतीय महिलाओं में आयरन बढ़ाने के 5 आसान तरीकों के बारे में बताया है। आप भी जानिए-

### 1) रोजाना आयरन वाली चीजों को खाएं

नॉन-हीम आयरन के आसानी से मिलने वाली वेजिटेरियन ऑप्शन पर ध्यान दें। जैसे पालक, मेथी, सहजन के पत्तों को खाएं। इसके अलावा काले तिल को सूखा भूनकर लड्डू में मिलाकर खाएं। गुड़ आयरन से भरपूर होता है, इसे भी खाने में शामिल करें। स्नैक्स में खाने के लिए या गर्म दूध के साथ खाने के लिए खजूर, किशमिश, अंजीर बेहतरीन है। आयुर्वेद सुझाव के मुताबिक आसान पाचन के लिए कच्ची सब्जियों की बजाय पकी हुई सब्जियों को प्राथमिकता दें।

### 2) विटामिन C वाली चीजों को खाएं

विटामिन C गैर-हीम आयरन यानी पौधे से मिलने के अवशोषण को बढ़ाता है। दाल, सब्जी या सलाद में नींबू का रस मिलाकर खाएं। इसके अलावा आंवला खाएं या नियमित रूप से आंवले का रस पिएं। खाने के साथ ताजे खट्टे फल, टमाटर या अमरूद खाएं। एक्सपर्ट कहती हैं कि खाने के तुरंत बाद चाय/कॉफी से बचें क्योंकि ये आयरन के अवशोषण को रोकने का काम करते हैं।

### 3) खाना पकाने के लिए लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल करें

लोहे की कढ़ाई में खाना पकाने से खाने में प्राकृतिक रूप से थोड़ी मात्रा में जैवउपलब्ध आयरन घुल जाता है। दाल, सब्जी या इमली वाली करी जैसी डिशेज के लिए इसका यूज करें। इसके अलावा पके हुए खाने को स्टेनलेस स्टील या कांच में रखें, एल्युमीनियम में नहीं। खट्टे खाने की चीजों को जैसे टमाटर रसम को लोहे के बर्तनों में ज्यादा देर तक न पकाएं, इससे स्वाद बदल सकता है।

### 4) आयरन बढ़ाने वाले मसाले रूटीन में शामिल करें

1. कुछ रोजाना की भारतीय मसाले बेहतर आयरन लेवल और ब्लड हेल्थ में मददगार होते हैं। जैसे
2. कड़ी पत्ता- आयरन से भरपूर होता है। इसे तड़के, चटनी में डालें या ताजा चबाएं।
3. धनिया- चाय में उबालें या पाचन और आयरन के लिए पाउडर के रूप में इस्तेमाल करें।
4. बिच्छू बूटी- आयरन और डिटॉक्स के लिए बेस्ट।
5. अजवाइन- पाचन और आयरन के अवशोषण में मददगार।
6. 5) आयुर्वेदिक आयरन सप्लीमेंट्स
7. अगर खाना पर्याप्त न हो, तो आयुर्वेदिक आयरन सप्लीमेंट्स को अपने एक्सपर्ट की सलाह पर अपनाएं।

Maharashtra

# मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़... 62 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ महिला यात्री गिरफ्तार

**मुंबई, (एजेंसी)** राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोमवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला यात्री को 300 कैप्सूल में 6 किलोग्राम से अधिक कोकीन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया. बरामद कैप्सूल की अनुमानित कीमत 62.6 करोड़ रुपये है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

अधिकारी ने बताया कि कैप्सूल ओरियो बिस्कुट के छह डिब्बों और चॉकलेट के तीन डिब्बों में भरे हुए थे. भारतीय नागरिक महिला को दोहा से हवाई अड्डे पर उतरने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने एक विशेष



सूचना के आधार पर रोक लिया. जहां उसके सामान की जांच करने पर दो डिब्बे मिले. इस दौरान कुल 6.261 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत 62.6 करोड़ रुपये है. इसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया. इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 120 बोतल कोडीन सिरप रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तार लोगों में दो कर्नाटक राज्य के थे. जब्त की गई सिरप की कीमत 27000 रुपये बताई गई थी. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसिफ सुर्वे (34), लिंगराज अपारे अलगुद (40) और इरफान उर्फ मोहसिन इब्राहिम सैय्यद (34) के रूप में हुई थी.

Hyderabad

## खोई हुई क्रिकेट बॉल ढूंढ रहा था शख्स, खाली घर में मानव कंकाल देख उड़े होश



**नमपल्ली, (एजेंसी)** हैदराबाद के नमपल्ली में एक शख्स अपनी खोई हुई क्रिकेट बॉल को ढूंढ रहा था, मगर इस खोज ने अचानक भयावह मोड़ ले लिया। खाली पड़े एक घर में उसने देखा कि वहां पर ढेर सारा मानव कंकाल पड़ा हुआ है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, यह मकान 7 साल से बंद था। यह डरावनी खोज उस वक्त हुई, जब उस व्यक्ति की नजर रसोई के फर्श पर पड़ी और उसने औंधे मुंह पड़ा एक कंकाल देखा। यह देखकर वह काफी डर गया और वहां से भाग निकला। इस घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह शख्स जिस वक्त अपनी गेंद को ढूंढ रहा था तब वह वीडियो भी रिकॉर्ड कर रहा था। वीडियो में दिख रहा है कि रेत से ढके फर्श पर खोपड़ी और हड्डियां बिखरी पड़ी हैं। सोशल मीडिया पर यह क्लिप वायरल हो गया है। वीडियो में यह भी नजर आता है कि आसपास बर्तन बिखरे हुए हैं और मकान सालों से खाली प्रतीत होता है। पुलिस ने मौके से सैंपल एकत्र किए हैं और फोरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है। कंकाल की पहचान मोर्चरी की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया कि मकान का मालिक मुनिर खान था, जिसके 10 बच्चे थे। इस घर में उनका चौथा बेटा रहता था, जो करीब 50 वर्ष का था। वह अविवाहित और संभवतः मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस का कहना है कि मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई होगी क्योंकि किसी मारपीट या खून के निशान नहीं मिले हैं।

Uttarpradesh

## बेटी के सामने महिला की चाकू घोंपकर हत्या, गली में सबके सामने खून से सना छुरा लेकर भागा प्रेमी

**जौनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के जौनपुर से एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां सोमवार की रात महिला के प्रेमी ने उसकी बेटी के सामने उसकी चाकू घोंपकर हत्या कर दी. मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के बल्लोच टोला का है. हत्या की घटना को अंजाम देकर प्रेमी मौके से फरार हो गया है. हालांकि, हाथ में चाकू लेकर भागते हुए वह सीसीटीवी में कैद हो गया.

पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने महिला के बेटे की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है.बेटे का आरोप है कि प्रेमी उसकी मां से जबरन शादी करना चाहता था. मृतका का नाम शकिमुन निशा था. शाकिमुन निशा के पति शहाबुद्दीन का 4 साल पहले निधन हो गया था. महिला का संबंध पड़ोस के मकान में किराये पर रहने वाले रुस्तम से हो गया था. रुस्तम पेशे से पेंटर है.

सोमवार की देर रात रुस्तम ने शकिमुन की बेटी रेशमा के सामने उसके पेट में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी.

Himachal Pradesh

## हिमाचल में पैराग्लाइडर क्रैश होने से गुजरात के पर्यटक की दर्दनाक मौत, वीडियो वायरल

**हिमाचल प्रदेश, (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल धर्मशाला में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां पैराग्लाइडर क्रैश होने से गुजरात के अहमदाबाद से आए 25 साल के पर्यटक की मौत हो गई। धर्मशाला के बाहरी हिस्से इंद्रुनाग में यह हादसा हुआ। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

कांगरा के एएसपी हितेश लखनपाल ने कहा कि यह हादसा टेकऑफ के दौरान हुआ जब ग्लाइटर हवा में उड़ नहीं सका। कुछ ही दूर जाने के बाद यह पर्यटक को लेकर जमीन पर गिर पड़ा। पर्यटक सतीश राजेश भाई और पायलट सूरज घायल हो गए। सतीश के सिर, मुंह और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। पहले उन्हें



जोनल अस्पताल धर्मशाला में भर्ती कराया गया और यहां प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, सूरज का इलाज कांगड़ा के बालाजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सतीश के परिवार को घटना की सूचना दी गई है और पोस्टमॉर्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

खेल

# लॉर्ड्स में नहीं चला भारतीय टीम का जादू, विदेशी धरती पर दूसरी सबसे करीबी हार; सीरीज 1-2 पर पहुंची

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन मेजबानों ने भारतीय टीम को 170 के स्कोर पर ऑलआउट किया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले बेन स्टोक्स की टीम ने भारत को लीड्स टेस्ट में पांच विकेट से हराया था। वहीं, भारतीय टीम ने दूसरा टेस्ट (एजबेस्टन टेस्ट) 336 रन से जीता था। बता दें कि, विदेशी धरती पर यह भारतीय टीम की दूसरी सबसे करीबी हार है। इससे पहले टीम को 1977 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में 16 रनों से शिकस्त मिली थी।

लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए। उनके लिए जो रूट ने 104 और जेमी स्मिथ व ब्रायडन कार्स ने क्रमशः 51 और 56 रनों



की पारियां खेलीं। इसके बाद भारत ने भी 10 विकेट पर 387 रन ही बनाए। उनकी तरफ से केएल राहुल ने 100, ऋषभ पंत ने 74 और रवींद्र जडेजा ने 72 रनों की पारियां खेलीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए और भारत के सामने 193 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारतीय टीम हासिल नहीं कर पाई और 170 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

भारत की दूसरी पारी झटके के साथ शुरू हुई। कुल पांच के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को विकेट के पीछे जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और करुण नायर ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 36 रन जोड़े। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। उन्होंने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 33 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी कुछ बड़ा कारनामा करने से नाकाम रहे। उन्हें भी कार्स ने ही एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने नाइट वॉचमैन के तौर पर आए आकाश दीप को बोल्ड कर दिया। वह 11 गेंदों में सिर्फ एक रन बना पाए। दूसरे दिन का खेल 58/4 के स्कोर से शुरू हुआ। पहले सत्र में टीम ने तीन विकेट गंवाए। लंच से पहले भारत ने ऋषभ पंत (9 रन), केएल राहुल (39 रन) के विकेट गंवाए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर खाता नहीं खोल सके। फिर नीतीश (13) भी पवेलियन लौटे। तीसरे टेस्ट का नतीजा तीसरे सत्र में आया। एक वक्त लग रहा था कि दूसरे सत्र के खत्म होने तक इस मैच का नतीजा निकल आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरे सत्र की शुरुआत रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की साझेदारी से हुई। उस वक्त जडेजा 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे और भारत को जीत के लिए 81 रनों की जरूरत थी।

सिनेमा

## इतने करोड़ में बन रही फिल्म 'रामायणम्', पहली बार होगा AI का इस्तेमाल, आया नया अपडेट




फिल्म 'रामायणम्' का फर्स्ट लुक जिस दिन से लॉन्च हुआ है, तब से ऑडियंस के बीच इसे लेकर काफी बज बना हुआ है. हर कोई इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार है. नितेश तिवारी के डायरेक्शन और नमित मल्होत्रा-यश के प्रोडक्शन में बन रही इस फिल्म की लगातार नई अपडेट्स सामने आ रही हैं. अब जो नया अपडेट आया है, उसने सभी को हैरान कर दिया है. दरअसल पहले ये खबर आई थी कि 'रामायणम्' फ्रैंचाइजी का कुल बजट 1600 करोड़ रुपये है. जहां रामायणम् पार्ट 1 का बजट 900 करोड़ रुपये है, वहीं दूसरे भाग का बजट 700 करोड़ रुपये रखा गया है. लेकिन अब नई जानकारी के मुताबिक इस फिल्म का बजट इससे कहीं ज्यादा है. फिल्म से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म किसी भी इंडियन फिल्म से सबसे ज्यादा बजट में बन रही है. जो लगभग 500 मिलियन डॉलर है, यानी 4000 करोड़ रुपये है. सूत्र ने आगे कहा, 'फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर तैयार किया जा रहा है और जब तक दोनों पार्ट बनेंगे, तब तक इसका बजट 4000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा. मेकर्स इसके लिए विश्वस्तरीय वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स लगाने की योजना बना रहे हैं.'

## Highlights

1. Judiciary must act as catalyst for LGBTQ+ rights: Former SC judge
2. Accused in IIM Calcutta rape case spiked woman's drinks: Police
3. Couple brings 4-yr-old son to buy ganja in Hyd; husband arrested
4. Mumbai teen climbs train wagon for video, dies of electrocution
5. Shubhanshu Shukla repeats astronaut Rakesh Sharma's words in farewell speech on ISS

# Samsung Galaxy Z Fold7 review: By far, the most mature and refined foldable

**NEW DEIHI, (Agency).** A few generations in, the passage of time, and many a chapter of refinement written, it is easy to say that with the Galaxy Z Fold7, Samsung has finally delivered the foldable that always should have been. The idiom hindsight is always 20/20 more than applies here, to a fairly loud narrative that Samsung has somehow broken the shackles because it was forced to. It wasn't. Nevertheless, good to see the back of those narrow-er Galaxy Z Fold designs, and the seventh generation's wider one has been made possible purely because the design has been slimmed down significantly. So much so, when folded, it's easy to forget this is a foldable at all. Perhaps it was the Samsung Galaxy S25 Edge that gave us a hint, unwittingly at the time, of the slimness diet Samsung was putting its phones through. The headline changes to the Samsung Galaxy Z Fold7



include a larger (read, wider in terms of footprint) cover display, a bigger foldable main display, the current top-of-the-line Snapdragon 8 Elite chip specifically customised for Samsung, the 200-megapixel primary wide camera that also does duties in the Samsung Galaxy S25 Ultra flagship and a form factor that is significantly thinner (4.2mm and 8.4mm versus 5.6mm and 12.1mm folded and unfolded thickness) and lighter (215 grams vs 239 grams) than the previous generation Galaxy Z Fold6. The competition however isn't that, or the Google Pixel 9 Pro Fold, but the latest crop of flagship Android foldable, such as the Honor Magic V5 (6.7mm and 14.3mm) which hasn't been launched in India and Vivo's upcoming X Fold5. It won't be long before you notice the Galaxy Z Fold7's new, wider display format, and this is as welcome a change as any. The cover display, which gets its own titanium layer plate for support, now measures 6.5 inches with a 2520 x 1080 resolution compared to the Fold 6's 6.3-inch, 2376 x 868 pixels screen.

# Tesla India showroom opens today, cars to start from ₹60 lakh

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla has officially entered the Indian market with the launch of its Model Y electric vehicle, priced from ₹60 lakh (approximately $70,000), as the company opens its first showroom in Mumbai today.

Located at the upscale Maker Maxity Mall in the Bandra Kurla Complex (BKC), the sleek new showroom marks Tesla's long-anticipated debut in the world's third-largest automobile market.

Police were stationed outside the showroom as VIPs including Maharashtra Chief Minister Devendra Fadnavis and state transport minister Pratap Sarnaik arrived for the inauguration.

The Tesla logo was prominently displayed in black against a




minimalist white wall, while a partially covered Model Y stood behind glass panels, drawing a small but curious crowd.

How much will Tesla cars cost in India?

Tesla is initially offering two versions of the Model Y in India: the rear-wheel drive model priced at ₹60.1 lakh ($70,000) and the long-range variant at ₹67.8 lakh ($79,000). These prices are significantly higher than in other markets — the same vehicle starts at ₹38.6 lakh ($44,990) in the US, ₹30.5 lakh ($36,700) in China (263,500 yuan), and ₹46 lakh ($53,700) in Germany (€45,970) — a disparity largely due to India's steep import duties.

Despite the higher price point, Tesla is expected to target India's wealthy urban consumers, joining a premium EV segment dominated by German automakers like BMW and Mercedes-Benz. While Tesla enters a market still dominated by petrol and diesel vehicles, India's EV sector is gradually gaining momentum, with mass-market manufacturers like Tata Motors and Mahindra leading the charge.

India currently aims to increase EVs to 30% of total car sales by 2030, up from just 4% today, through tax breaks and incentives aimed at foreign automakers.

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, वेटर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। तिलक नगर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से आजाद नगर निवासी 30 वर्षीय वेटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद यादव पुत्र रामकरण यादव निवासी काली पुलिया, आजाद नगर के रूप में हुई है। वह एक निजी होटल में काम करता था और रात करीब 12 बजे ड्यूटी के बाद साइकिल से घर लौट रहा था, तभी हादसा हुआ।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घायल आनंद सड़क किनारे गिर पड़ा, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कुछ देर बाद एम्बुलेंस पहुंची, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के जीजा पप्पू यादव ने बताया कि आनंद मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। चार साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था और यहीं होटल में काम करने लगा था। उसके परिवार में पत्नी, एक छह माह की बेटी, एक भाई और तीन बहनें हैं। पत्नी और बच्ची फिलहाल उत्तर प्रदेश में ही रहती हैं। आजाद नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद भी ली जा रही है।

# किन्नरों का धर्मांतरण और एचआईवी संक्रमित करने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नंदलालपुरा क्षेत्र के हिंदू किन्नरों ने मुस्लिम किन्नरों पर धर्मांतरण और एचआईवी संक्रमित करने के आरोप लगाए हैं। हिंदू किन्नर समूह की प्रतिनिधि सपना गुरु का आरोप है कि मालेगांव से आए मुस्लिम किन्नर पायल उर्फ नईम अंसारी और सीमा हाजी उर्फ फरजाना धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहे हैं। धर्म बदलने से मना करने पर संक्रमित इंजेक्शन लगाकर करीब 60 किन्नरों को बीमार कर चुके हैं।**



सपना गुरु का दावा है कि भय के कारण कई किन्नर अपना डेरा छोड़ चुके हैं या दबाव में आकर आरोपित गुट में शामिल हो गए हैं। करीब 12 संक्रमित किन्नरों का इलाज एमवाय अस्पताल के एआरटी सेंटर में चल रहा है। सपना गुरु के वकील सचिन सोनकर ने बताया कि मामले की शिकायत चीफ जस्टिस इंडिया, पीएमओ, सीएमओ और कलेक्टर के साथ पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। सबूत के तौर पर वीडियो भी उन्हें सौंपे हैं। किन्नर जिहाद के तहत करीब 100 किन्नर इंदौर में घूम रहे हैं। सपना गुरु ने बताया कि पायल साल 2000 में मालेगांव से भागकर इंदौर पहुंचा। मालेगांव में उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं। उसके आने के बाद इंदौर में किन्नरों का धर्मांतरण शुरू हो गया। सपना का दावा है कि सीमा हाजी ने जबरदस्ती उसे भी हज करवा दिया। फिर कुछ दिन बाद सपना गुरु ने नईम के इरादों को भांप लिया और अपना अलग गुट बना लिया। इसके बाद सीमा ने महाराष्ट्र और उसके आसपास से कई मुस्लिम किन्नरों को इंदौर बुलाया और हिंदू किन्नरों को धमकाने लगे। हिंदू किन्नर सपना गुरु की तरफ से कानूनी लड़ाई लड़ रहे हाईकोर्ट के वकील सचिन सोनकर ने बताया कि नईम अंसारी उर्फ पायल और फरजाना उर्फ सीमा गलत काम कर रहे हैं। वह 60 से अधिक किन्नरों को संक्रमित इंजेक्शन लगाकर बीमार कर चुके हैं। जिसके सबूत उनके पास हैं। किन्नर जिहाद के तहत लगभग 100 संक्रमित किन्नर शहर में घूम रहे हैं, इससे कई लोग संक्रमित हो रहे हैं। किन्नरों के दोनों गुटों में कई बार झगड़े हो चुके हैं। हर बार मामला थाने तक पहुंचता है। किन्नरों के साथ मारपीट और अपहरण करने के मामले में चंदन नगर और विजयनगर थानों में सीमा गुट के लोगों पर केस दर्ज हुए हैं। करीब एक माह पहले हिंदुओं की तरफ से सपना गुरु और दूसरी तरफ से पायल हाजी के किन्नरों के बीच विवाद हुआ था। इस झगड़े में किन्नरों ने थाने में जमकर हंगामा किया था। ऐसे ही एक मामले में पंढरीनाथ टीआई कपिल शर्मा को हटाया गया था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक